# कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नया प्रशासनिक कार्यालय,गांधी मैदान, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.)

फोन.नं- 0771-2535780, 90, फैक्स : 0771-2227395 E-mail :-dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 130 /जलप्रदाय/न.पा.नि./2022 रायपुर, दिनांक 11/03/2022

## " निविदा आमंत्रण सूचना "

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा नगर निगम एवं अन्य शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विभागों में कार्य के अनुभवी/पंजीकृत ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र "फार्म A" में निर्धारित समयावधि में सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सभी मुहर बंद निविदाएँ दिनॉक 04.04.2022 को अपरान्ह 3:00 बजे तक स्पीड या रजिस्टर्ड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है। सभी मुहरबंद निविदाएँ कार्यपालन अभियंता (जल) कक्ष क्रमांक–303 मुख्यालय भवन, नगर पालिक निगम रायपुर को प्रेषित की जावें। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र | विवरण | प्राक्कलन राशि ( लाख में ) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्रांतर्गत विभिन्न 12 स्थानों में 125 एमएम dia का नलकूप खनन का कार्य। | रू. 19.87 | रू.15,000.00 | रू. 750/– | 1 वर्ष |
| 2. | नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्रांतर्गत विभिन्न 6 स्थानों में 150 एमएम dia का नलकूप खनन का कार्य। | रू. 10.92 | रू. 8,000.00 | रू. 750/– | 1 वर्ष |
| 3. | नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्रांतर्गत विभिन्न 16 स्थानों पर सबमर्शिबल पंप/पावर पंप लोवरिंग कार्य सह पैनल बोर्ड लगाने का कार्य। | रू. 10.23 | रू. 8,000.00 | रू. 750/– | 1 वर्ष |
| 4. | नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्रांतर्गत विभिन्न 11 स्थानों पर 2000 लीटर का PVC पानी टंकी स्थापित कराये जाने का कार्य। | रू. 10.95 | रू. 8,000.00 | रू. 750/– | 1 वर्ष |

निविदा प्रपत्र नगर पालिक निगम रायपुर मुख्यालय के जल प्रदाय विभाग से रू. 750/– (सात सौ पचास) नगद जमाकर कार्यालयीन अवधि में दिनांक 01.04.2022 तक प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा नगर पालिक निगम रायपुर के वेबसाईट http://nagarnigamraipur.nic.in से भी डाउनलोड कर निविदा डाल सकते है। डाउनलोड करने में निविदा प्रपत्र की राशि रू. 750/– निविदा के साथ आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम पर डी.डी. जमा करना होगा। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 5.04.2022 को समय अपरांह में 11:00 बजे निविदाकारों/उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में खोली जावेगी।

11/3/2022

कार्यपालन अभियंता (जल)

नगर पालिक निगम

# कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## ::– सामान्य शर्ते –::

1. निविदा के साथ प्रत्येक आईटम में दर्शित अमानत राशि, आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के पक्ष में देय एफ.डी.आर. के रूप में जमा करना होगा।
2. निविदा दो लिफाफों पद्धति के अनुसार देनी होगी, जिसमें प्रत्येक लिफाफे के ऊपर निम्न विवरण अंकित किया जावेगा।

   क. कार्य का नाम ............................................................

   ख. लिफाफा क्र. ............................................................

   ग. निविदाकार का नाम ...................................... ......................................

3. लिफाफा क्रमांक 1 में निम्नानुसार अभिलेख रखकर उसे सील कर निर्धारित तिथि एवं समय पर कक्ष क्रमांक 303 में डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा करना होगा।
   A. अमानत राशि जमा किये जाने की एफ.डी.आर. एवं शपथ पत्र।
   B. फर्म के नाम का रजिस्ट्रेशन, पेन कार्ड, जी.एस.टी. नम्बर 3 माह का जी.एस.टी. रिटर्न एवं विगत 3 वर्ष का आयकर रिटर्न की छायाप्रति।
   C. निविदाकार के पास स्वयं का वाहन का आर.सी. बुक तथा जीवित बीमा का छायाप्रति।
4. लिफाफा क्रमांक 2 के ऊपर भी कंडिका (2) के अनुसार प्रविष्टि अंकित कर उसमें ऑफर की गई दरों सहित निविदाकार द्वारा हस्ताक्षरित निविदा फार्म रखा जावेगा तथा इसे भी सीलबंद किया जावेगा।
5. लिफाफा क्र. 1 एवं 2 को पृथक–पृथक सील बंद करने के बाद दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफें में बंद करे उसे भी सील बंद किया जावेगा इस बड़े लिफाफे के उपर निविदा/कार्य का नाम स्पष्ट अक्षरों में करते हुए इसे आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर को संबोधित किया जावेगा।
6. प्राप्त निविदाओं को उपस्थित निविदाकार/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।
7. प्रत्येक निविदा में सर्वप्रथम तकनिकी लिफाफा (लिफाफा क्रमांक 1) को खोला जावेंगा जिसमें रखे जाने वाले सभी अभिलेख की पूर्णतः एवं वैधताग्राह होने पर ही उनके वित्तीय ऑफर को खोला जावेगा।
8. न्यूनतम दरदाता को आदेश की प्राप्ति के दिनांक से 1 वर्ष के अन्दर कार्य पूर्ण करना होगा। समायावधि में कार्य पूर्ण नहीं करने पर आर्थिक दण्ड की राशि देयक से प्रतिदिन 100/– रूपये कटौती की जावेगी
9. न्यूनतम दरदाता को नलकूप खनन हेतु स्थल चयन उपरांत तत्काल 3 दिवस के भीतर कार्य पूर्ण कराना अनिवार्य होगा।
10. निविदा प्रपत्र में आफर की गई दरें सभी कर परिवहन व्यय एवं अन्य सभी आकस्मिक व्यय सहित अंको एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट अंकित की जायें।
11. न्यूनतम दरदाता को उसके दरों की स्वीकृति की सूचना प्राप्ति के दिनांक से एक सप्ताह के अंदर 100 रूपये के नान ज्यूडीशियल स्टाम्प पर कार्य के संबंध में नगर निगम, रायपुर के साथ अनुबंध निष्पादित करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत तथा अमान्य करने का पूर्ण अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के पास सुरक्षित रहेगा।
13. प्राप्त न्यूनतम दर पर वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु मान्य होगा। आवश्यकता अनुसार प्राप्त न्यूनतम दर पर फर्म/ठेकेदार कार्य करने के लिए बाध्य होगा।
14. निविदा में किसी प्रकार के विवाद होने की स्थिति में अधिकारी आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

11/3/2022

कार्यपालन अभियंता (जल)
नगर पालिक निगम